हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 वटगन में तिरंगा रैली का आयोजन

14 प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे मूर्तिकार




B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# मध्यान्ह भोजन संचालन में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में पीएम पोषण निर्माण योजना के तहत संचालित सभी शालाओं में मध्यान्ह भोजन के व्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन मिल सके।

नए निर्देशों के अनुसार, मध्यान्ह भोजन के लिए उपयोग होने वाले बर्तनों, खाद्य सामग्रियों और किचन सह भंडार कक्ष की नियमित साफ-सफाई अनिवार्य कर दी गई है। साथ ही, किचन शेड के आस-पास सप्ताह में दो बार ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जाएगा। बच्चों को भोजन परोसने से पहले उन्हें साबुन से हाथ धुलवाना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**कड़े सुरक्षा मानक:** जारी निर्देशों में सुरक्षा मानकों को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है। किचन शेड के चारों ओर जालीदार तारों से घेराव करने का निर्देश दिया गया है। इससे आवारा कुत्ते, मवेशी, मकड़ी और छिपकली जैसे जीव किचन शेड के आसपास नहीं आ पाएंगे। भोजन बनाने से पहले अनाज, दाल और मौसमी सब्जियों की अच्छी तरह से साफ-सफाई और गुणवत्ता की जांच करना भी अनिवार्य किया गया है।

## पीएम पोषण योजना की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर

**खास बातें**
- साफ-सफाई और निगरानी को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश
- कलेक्टर ने जारी किए कड़े निर्देश


फाईल फोटो

### निगरानी तंत्र मजबूत
कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर भी जोर दिया है। प्रधानपाठक या मध्यान्ह भोजन प्रभारी शिक्षक को प्रतिदिन शाला में बन रहे भोजन का सतत अवलोकन करना होगा। यदि कोई स्व-सहायता समूह गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बलौदाबाजार में तिरंगा यात्रा आज
बलौदाबाजार। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के तत्वावधान में आज बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा दोपहर 2:30 बजे आंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक, गांधी चौक होते हुए मुख्य मार्ग से गुजरते हुए अटल चौक में समापन होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठजन, ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता, समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है। इस आयोजन के कार्यक्रम संयोजक नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के अध्यक्ष अशोक जैन हैं। साथ ही भाजपा शहर मंडल बलौदाबाजार के अध्यक्ष राकेश कुमार ध्रुव, महामंत्री महेन्द्र साहू और महामंत्री संजय श्रीवास ने सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर तिरंगे के सम्मान एवं देशभक्ति के इस महायज्ञ को सफल बनाने की अपील की है।

### धान की फसल को मिली संजीवनी, गंगरेल बांध से छोड़ा गया पानी
**बलौदाबाजार** | पिछले कुछ दिनों से जिले में बारिश नहीं होने के कारण धान की खेती के लिए पानी की आवश्यकता बढ़ गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्थिति क़ो गंभीरता से लेते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों क़ो जरुरी निर्देश दिये जिस पर खरीफ सिंचाई हेतु मंगलवार क़ो रविशंकर जलाशय (गंगरेल ) से पानी छोडा गया है। अगले एक या दो दिन में बांध का पानी ग्राम बुढ़ेनी व कनकी पहुंचने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगरेल जलाशय से छोड़े गये पानी से महानदी परियोजना की जल प्रबंधन संभाग क्रमांक 2 एवं 3 अंतर्गत जिले के 489 गांव की 264482 एकड़ फसल में सिंचाई के लिए हो रही मांग की पूर्ति हो सकेगी। इसमें जल प्रबंधन संभाग 2 बलौदाबाजार अंतर्गत 323 गांव के 195291 एकड़ एवं डिसनेट संभाग क्रमांक 3 तिल्दा अंतर्गत 166गांव के 69191एकड़ शामिल हैं।

### खरोरा में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान

**खरोरा**। हर घर तिरंगा अभियान के तहत खरोरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नहरडीह में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में हम सब एक है, वंदे मातरम, महात्मा गांधी की जय, जवाहर लाल नेहरू की जय, भारत माता की जय का नारा लगाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव के सरपंच, पंचगण, प्राथमिक शाला के बच्चे और शिक्षक व ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

### विवाद के बाद पिता ने बेटे पर किया चाकू से हमला
**रायपुर**। आमानाका थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ बेटे के सिर पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आजाद नगर, डूमरतालाब निवासी आरती लहरे ने टिंगलू लहरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपने भाई को राखी बांधने भिलाई गई थी। रात को वापस लौटने पर टिंगलू अपनी पत्नी के साथ विवाद करने लगा।

## ढाबे पर शुरू हुआ झगड़ा अस्पताल तक पहुंचा, दोनों पक्षों ने जमकर की
# विवाद ने लिया हिंसक रूप, अस्पताल में भी बवाल, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

रायपुर रोड पर स्थित एक ढाबे में बीती रात शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक रूप अख्तियार कर गया। दो समूहों के बीच हुई कहासुनी, गाली-गलौज और मारपीट की घटना अस्पताल तक पहुंच गई, जहां दोनों पक्षों के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। करीब आधे घंटे तक चले इस उपद्रव से अस्पताल का स्टाफ दहशत में आ गया। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से स्थिति को नियंत्रित किया जा सका। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात रायपुर रोड स्थित दिलखुश ढाबे पर दो अलग-अलग गुट भोजन करने पहुंचे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया, जो जल्द ही हाथापाई और मारपीट में बदल गया। घटना के बाद दोनों पक्ष सिटी कोतवाली थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने केस दर्ज कर उन्हें मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा।

### पुलिस चौकी के बावजूद हालात बेकाबू, अतिरिक्त बल पहुंचने पर काबू में आया मामला



**अस्पताल परिसर में उपद्रव**
पुलिस स्टेशन से मामला अस्पताल पहुंचा, जहां दोनों पक्षों के साथ उनके समर्थक भी पहुंच गए। अस्पताल परिसर में एक बार फिर दोनों पक्षों के बीच जमकर गाली-गलौज, लात-घूंसे और सिरफुटौव्वल होने लगी। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और स्टाफ दहशत में आ गए। अस्पताल की शांति व्यवस्था भंग हो गई, जबकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी हालात संभालने में नाकाम रहे। बाद में सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया।

### सुरक्षा पर सवाल
बलौदाबाजार-रायपुर मार्ग पर शराब दुकानों के पास कई ढाबे और 'चकना सेंटर' संचालित हैं, जहां आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। इस मार्ग पर पुलिस पेट्रोलिंग और चेकिंग के अभाव में अक्सर उपद्रव और मारपीट की घटनाएं होती हैं, जो शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में तिलक राम साहू, अजय कुमार साहू, टीकम भारती, मनीष महिलांगे, संजय कुमार मनहरे और सुरेंद्र साहू शामिल हैं।

### पेट्रोल पंप सुपरवाइजर से मारपीट, 3 आरोपी गिरफ्तार
**बलौदाबाजार** । बलौदाबाजार जिले के ग्राम ढाबाडीह स्थित एक पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सुपरवाइजर को अश्लील गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों तथा बेल्ट से बुरी तरह पीटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया और आज उन्हें न्यायालय में पेश करने की तैयारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी विनोद दुबे (निवासी ग्राम ठेलकी) जो नंदलाल फ्यूल पेट्रोल पंप ढाबाडीह में सुपरवाइजर है, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 9 अगस्त की रात करीब 11 बजे आरोपी आशीष बघेल अपने दो अन्य साथियों के साथ पेट्रोल पंप पर आया। आशीष ने विनोद को कुछ काम का बहाना बनाकर पास के ढाबे के पास खड़े ट्रक के पास बुलाया। इसके बाद आरोपियों ने विनोद से कहा कि वह पेट्रोल भरवाते समय खुद को बहुत होशियार समझता है, और इसी बात पर विवाद शुरू कर दिया।आरोपियों ने विनोद दुबे को अश्लील गालियां दीं और जान से ▸▸ शेष पेज 13 पर



# अनियंत्रित होकर पलटा सीमेंट से भरा ट्रक, 11 साल का बच्चा आया चपेट में



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

छत्तीसगढ़ के गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग पर बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलटिकरी के मुख्य मार्ग में सीमेंट से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग में पलट गया। हादसे में नवोदय का ट्यूशन पढ़ने के बाद घर लौट रहे 11 वर्षीय मासूम चपेट में आ गया जिसे आनन फानन में इलाज के लिए बिलासपुर ले जाया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिलाईगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई है और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाया गया।

- ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहा था मासूम, गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर, चालक फरार

थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद तत्काल मौके पर पहुंच गए हैं और फरार आरोपी ट्रक चालक की पता तलाश की जा रही है मेरी जानकारी के अनुसार ट्रक बलौदाबाजार की ओर से सीमेंट लोड कर सारंगढ़ की ओर जा रहा था इसी दौरान बेलटिकरी के मुख्य मार्ग में अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। वहीं घटना में घायल के परिजनों ने बताया कि उनका भतीजा लाकेश भास्कर पिता मूलचंद भास्कर (11 वर्ष ) ग्राम दुम्हानी का रहने वाला है और कक्षा पांचवी में पढ़ता है। मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे वह बेलटिकरी गांव अपने तीन दोस्तों के साथ नवोदय विद्यालय के ट्यूशन क्लास के लिए आया था ट्यूशन पढ़ने के बाद वापस घर लौट रहा था इसी दौरान ट्रक पलट जाने से ट्रक के अंदर रखे सीमेंट की चपेट में वह आ गया जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया । बिलाईगढ़ पुलिस ने जल्द ही फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने की बात कही है।

# बुजुर्ग की हत्या, घर में मिला खून से लथपथ शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार / अमेरा

जिले के पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम अमेरा में मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव के 55 वर्षीय पुरुषोत्तम यादव, जो सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे, की उनके ही घर में हत्या कर दी गई। घटना का पता तब चला जब उनकी पोती स्कूल से लंच ब्रेक में घर लौटी और खून से लथपथ अपने दादा को जमीन पर पड़ा देखा।

- पुलिस ने शुरू की जांच, हत्या की वजह अज्ञात

मंगलवार करीब 12 बजे पोती राधिका घर पहुंची। दरवाजा खुला था और अंदर कदम रखते ही उसने देखा कि दादा खून से लथपथ पड़े हैं, आसपास खून फैला है। घबराई राधिका सीधे पड़ोसियों के पास भागी और घटना की जानकारी दी। बाद में उसने अपने परिजनों को भी सूचना दी।



पुलिस लूट, पुरानी रंजिश और हमलावर के परिवार की दिनचर्या की ▸▸ शेष पेज 13 पर

### परिवार की स्थिति
पुरुषोत्तम यादव अपनी दो पोतियों राधिका और अरवी के साथ रहते थे। पत्नी का निधन पहले ही हो चुका था और बेटा दुलार यादव रायपुर में मजदूरी करता है। परिवार का सारा खर्च पुरुषोत्तम सब्जी बेचकर चलाते थे।

### पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने की जांच
घटना की सूचना मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और घर की घेराबंदी कर दी। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने शुरू किए। प्रारंभिक जांच में हत्या घर के अंदर ही होने की पुष्टि हुई है और हमलावर ने पास से ही वार किया है।

# मच्छर भगाने के लिए किया धुआं, कोठा जलकर खाक, चार मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

समीपस्थ ग्राम घटमडवा में मच्छर भगाने के लिए जलाए गए धुएं से एक किसान का कोठा (मवेशी शेड) जलकर खाक हो गया। इस दर्दनाक हादसे में चार मवेशियों की झुलसने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य मवेशी की हालत गंभीर बनी हुई है।

- गिधौरी के घटमडवा गांव में हुआ हादसा, एक मवेशी की हालत गंभीर

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम घटमडवा निवासी शशि वर्मा ने सोमवार की रात अपने घर के कोठे में मच्छर भगाने के लिए धुआँ जलाकर छोड़ दिया था। रात में धुएं की आग फैल गई और झोपड़ीनुमा कोठे में आग लग गई। इससे कोठे में बंधे चार मवेशी बुरी तरह झुलस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### दुखद घटना से परिवार में मातम
इस दुखद घटना से शशि वर्मा के परिवार में शोक का माहौल है। मवेशियों की मौत से उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताई है।

### ग्रामीणों ने बुझाई आग
यह घटना मंगलवार सुबह उस समय सामने आई, जब ग्रामीणों ने कोठे से धुआँ निकलते देखा। उन्होंने तुरंत शशि वर्मा के परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद आनन-फानन में आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक चार मवेशियों की मौत हो चुकी थी और एक मवेशी गंभीर रूप से घायल था।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया भुगतान, फसल क्षतिपूर्ति से जिले के किसानों को बड़ी राहत
# 401 किसानों को मिली बीमा राशि, खातों में 55 लाख अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी वर्ष 2024-25 की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान मंगलवार को किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान के झुंझुनू जिले से डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में राशि हस्तांतरित की। इस पहल से जिले के 401 किसानों के खातों में 55 लाख रुपए की राशि जमा हुई, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसान बीमा भुगतान कार्यक्रम से जुड़े। जिले के सभी विकासखंडों में भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



**फसल नुकसान की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी:** फसल बीमा योजना के तहत व्यक्तिगत आधार पर होने वाले नुकसान की भरपाई की जाती है। इसमें ओलावृष्टि, बादल फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली और फसल कटाई के बाद के नुकसान शामिल हैं। किसान अपनी फसल क्षति की शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### वैज्ञानिकों ने दी कीट-व्याधि से बचाव की जानकारी
भाटापारा में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अंगद सिंह राजपूत, उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक और कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस दौरान कुल 65 किसान उपस्थित थे। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और फसलों में लगने वाले कीटों और बीमारियों की रोकथाम के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# सार्वजनिक स्थान पर गांजा पीता पकड़ा गया आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

खरोरा थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर गांजा पीने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम भैसा के नहर पार से पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से गांजा, चोंगा और माचिस बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग 320 रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ धारा 27 नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भैसा निवासी साधूराम पिता स्व. झालाराम घृतलहरे (60) अपने गांव के नहर पार में अकेले ▸▸ शेष पेज 13 पर



### मौके पर ही पकड़ा गया आरोपी
पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची और घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी साधूराम घृतलहरे को नहर पार में चोंगा में गांजा पीते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने विधिवत तलाशी ली, जिसमें उसके शॉट्र्स की जेब से तीन कागज की पुड़ियों में भरा हुआ गांजा, एक बिना इस्तेमाल का चोंगा और एक माचिस बरामद हुई। उसके हाथ में एक जला हुआ चोंगा भी मिला।

## खबर संक्षेप



### विश्वरंजन ने किया सत्य साईं एफपीओ और प्रोजेक्ट नैनो का निरीक्षण

**रायपुर।** जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन ने सोमवार को धरसींवा विकासखंड के ग्राम टेकारी में संचालित सत्य साईं एफपीओ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों और उनकी विपणन व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली और समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ग्राम गिरौद पहुंचकर जिला प्रशासन की अभिनव पहल प्रोजेक्ट नैनो के अंतर्गत ड्रोन तकनीक से किए जा रहे नैनो उर्वरकों के छिड़काव का निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि उपसंचालक सतीश अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक मोतीलाल ने अपने जन्मदिन पर किया पौधरोपण



**रायपुर।** जिला रायपुर में हरियर पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोतीलाल साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल उरकुरा, संकुल उरकुरा में हरियर पाठशाला के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान 101 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर विधायक ने भी पौधा लगाया। इसके अलावा प्राथमिक शाला रावाभाठा, पूर्व माध्यमिक शाला रावाभाठा एवं हाई स्कूल रावाभाठा में कुल 500 पौधे, ग्राम रानीसागर के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में सरपंच तानसिंग साहू, सचिव अंजू साहू तथा पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला परिसर में कुल 300 पौधे रोपे गए।

### मोपका कांग्रेस मंडल अध्यक्ष बने राजकुमार

**भाटापारा।** मोपका कांग्रेस मंडल



अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में राजकुमार धृतलहरे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। इस मंडल के अंतर्गत 14 गांव और 21 बूथ आते हैं। अध्यक्ष बनने के बाद राजकुमार धृतलहरे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पार्टी और संगठन को मजबूत करने की होगी। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और सभी कार्यकर्ता साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति से मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को विक्की सोनवानी वार्ड नं 08 कर्रापारा बागबाहरा ने बताया कि 10 अगस्त की रात्रि करीबन 9.30 बजे वह अपने घर में था, तभी मोहल्ले का गोपाल बघेल गली में गालियां देते हुए उसके घर के सामने खड़ा था। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपी गाली गलौज करते गले को दबाने लगा, जिसे देख कर प्रार्थी की पत्नी हरा सोनवानी, मां कमला सोनवानी एवं वर्षा सोनवानी बीच बचाव करने आए, तब आरोपी गोपाल बघेल ने अपने पास रखे धारदार हथियार से मारपीट की।

### घर घुसकर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** बच्चे के साथ खाना खा रही महिला के साथ नशे की हालत में घर में घुसे व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र के अचानकपारा का है। पुलिस को अंजली बारिक वार्ड नं 09 अचानकपारा बागबाहरा ने बताया 10 अगस्त की रात करीबन 8.30 बजे वह अपने घर में बच्चे के साथ खाना खा रही थी, उसी समय एक व्यक्ति नशे के हालत में उसके घर के दरवाजा को तोड़कर अंदर आ गया।

# ग्रीन सिग्नल का इंतजार हो रहा खत्म, एक ही ब्लॉक सेक्शन में दौड़ रही ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

अचानक से जब ट्रेन रुकती है, तो यात्रियों को लगता है कि आगे सिग्नल ग्रीन नहीं है। कभी-कभी यह इंतजार काफी लंबा हो जाता है, लेकिन जोन में सिग्नल को लेकर इंतजार धीरे-धीरे खत्म होता रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पटरियों के विस्तार के साथ आधुनिक तकनीक अपनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम को लागू करने का कार्य बीते दो वर्षों से जारी है। दपूमरे जोन की कुल 2,447 रूट किलोमीटर में से 462 किलोमीटर पर यह नई व्यवस्था लागू की जा चुकी है। इससे ट्रेनों के परिचालन में तेजी और सटीकता आई है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि कुम्हारी और सरोना के बीच चल रही ट्रेनों की सटीक लोकेशन अब यात्री मोबाइल एप पर देख पा रहे हैं, जबकि जिन सेक्शनों में यह सिस्टम लागू नहीं हुआ है, वहां लाइव लोकेशन में औसतन 3-4 मिनट का अंतर दिख रहा है। रायपुर स्टेशन पर भी प्लेटफार्म उपयोग की दक्षता बढ़ी है। अब एक ही प्लेटफार्म से लगातार दो ट्रेनों का संचालन संभव हो रहा है पहली ट्रेन के रवाना होते ही दूसरी ट्रेन प्लेटफार्म पर लग जाती है। प्लेटफार्म नंबर 7 पर यह प्रयोग सफल साबित हुआ है। वर्तमान में दपूमरे के बिलासपुर–दगोरी, बिलासपुर–घुटकू, बिलासपुर–चांपा–गेवरा रोड, नागपुर–दुर्ग, भिलाई–कुम्हारी और कोतरलिया–जामगा रेलखंडों पर यह प्रणाली लागू है। रेलवे का दावा है कि इन सेक्शनों में ट्रेनों का परिचालन पहले की तुलना में अधिक सुचारू और सुरक्षित हुआ है।

### एक ही ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे एक ट्रेन दौड़ती दिखी

जब हरिभूमि ने दुर्ग और भिलाई व कुम्हारी रेलखंड पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम का असर करीब से देखा, तो नजारा बिल्कुल बदला हुआ था। पहले जिस ब्लॉक सेक्शन में एक समय पर सिर्फ एक ही ट्रेन चल सकती थी, अब उसी मार्ग पर एक के पीछे एक ट्रेनें दौड़ रही थीं। जैसे ही स्टेशन यार्ड से एक ट्रेन प्रस्थान करती, तुरंत अगले सेक्शन के लिए ग्रीन सिग्नल जल उठता और पीछे की ट्रेन आगे बढ़ जाती। कहीं भी यह इंतजार नहीं था कि आगे वाली ट्रेन अगला स्टेशन पार करे, तब ही दूसरी ट्रेन रवाना हो। सिस्टम तेजी से काम कर रहा था। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस तकनीक से न केवल ट्रेनों की गति में बढ़ोतरी हुई है, बल्कि एक ही ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। साथ ही, ट्रेनों की रीयल-टाइम लोकेशन हर पल उपलब्ध रहती है, जिससे संचालन और भी सुरक्षित और कुशल हो गया है।



- जोन के 462 किमी रेलखंड पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग लागू
- नई प्रणाली में एक सेक्शन में एक साथ अधिक ट्रेनों का किया जा रहा परिचालन
- एप पर सटीक रीयल–टाइम लोकेशन भी

### तकनीकी खामी की सूचना पीछे चल रही ट्रेन को भी मिली

कुम्हारी और सरोना के बीच हाल ही में ओएचई लाइन में आई खराबी से 20 से अधिक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ था। हालांकि, ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम के कारण दुर्ग से आ रही ट्रेनों तक इसकी जानकारी समय पर पहुंच गई। नई व्यवस्था के तहत स्टेशन यार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक-एक किलोमीटर की दूरी पर सिग्नल लगाए गए हैं। इससे ट्रेनें सिग्नल के सहारे एक-दूसरे के पीछे सुरक्षित दूरी पर चलती रहती हैं। यदि किसी सिग्नल में तकनीकी खामी आती है, तो सिस्टम तुरंत पीछे चल रही ट्रेनों को सूचना भेज देता है, जिससे वे वहीं रुक जाती हैं और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो जाता है। सिग्नल की नई व्यवस्था का लाभ मिल रहा है।

### चारपहिया के साथ ही दोपहिया वाहनों की बिक्री भी बीते साल से कम हो गई

# प्रदेश में चार माह से वाहन बिक्री की रफ्तार मंद, त्योहारी सीजन में तेजी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अप्रैल से लेकर जुलाई तक के चार माह ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए मंदी वाले रहे हैं। चार माह से वाहनों की बिक्री की रफ्तार मंद हो गई है। अब इस माह से त्योहारी सीजन का आगाज हो रहा है, तो इसमें रफ्तार में तेजी आने की संभावना है, लेकिन यह तेजी बीते साल जितनी होगी, यह कहा नहीं जा सकता । बीते साल तो अपने प्रदेश में रिकॉर्ड सात लाख वाहन बिके थे। बीते पांच साल से वाहन बिक्री का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इस साल जिस तरह से चार माह का समय बीता है, उससे लगता है पांच साल बाद कम वाहनों की बिक्री का रिकॉर्ड बन सकता है।

वाहन बिक्री के लिए इस बार अप्रैल से जब नया सत्र प्रारंभ हुआ तो इस सत्र में कारों की कीमत बढ़ने के कारण कारों की बिक्री तो प्रभावित हुई ही, साथ ही दोपहिया वाहनों की बिक्री भी प्रभावित हो गई। अप्रैल में जहां कारों की बिक्री 20 फीसदी प्रभावित हुई, वहीं दुपहिया वाहन भी बीते साल से सवा सात फीसदी कम बिके। कारोबारियों को लगा, अगले माह सब ठीक हो जाएगा, लेकिन मई में अप्रैल से भी बड़ा झटका लगा। इस माह जहां दुपहिया वाहन बीते साल से करीब 10 फीसदी कम बिके, वहां कारों की बिक्री 30 फीसदी तक प्रभावित हो गई। मंदी का यह सिलसिला जून में भी जारी रहा। जून में एक बात अच्छी रही है कि इस माह दुपहिया वाहनों की बिक्री बीते दो माह से कम प्रभावित रही, लेकिन बीते साल की तुलना में फिर भी चार फीसदी वाहन कम बिके। इसी तरह से कारों के मामले में मई से थोड़ा फायदा हुआ और जून में बीते साल से 20 फीसदी वाहन कम बिके। जुलाई की बात करें तो इस माह दुपहिया वाहनों को बड़ा झटका लगा है। इस माह बीते साल से करीब 15 फीसदी कम वाहन बिके हैं। कारों की मंदी कुछ कम हो गई है और इस माह जहां जून से ज्यादा वाहन बिके हैं, वहीं बीते साल से फिर भी 10 फीसदी कम वाहन बिके हैं।

### त्योहारी सीजन में बढ़ेगी रफ्तार

इस माह से त्योहारी सीजन का आगाज हो रहा है। रक्षाबंधन के बाद से ही त्योहारी सीजन प्रारंभ हो जाता है। सबसे पहले गणेश चतुर्थी में 11 दिनों तक लगातार वाहन बिकेंगे। इसके बाद हालांकि पितृपक्ष लग जाता है, लेकिन इसके बाद नवरात्रि और फिर दीपावली के कारण बहुत ज्यादा खरीदारी होती है। कारोबारियों को इस बार भी बीते साल की तरह अच्छा कारोबार होने की संभावना है।



### पांच साल लगातार बढ़ा ग्राफ

*प्रदेश में पांच साल से बिक्री का आंकड़ा लगातार बढ़ा है। जहां 2020 में साल भर में 481797 बिके, वहीं 2021 में यह आंकड़ा कम होकर 455859 हो गया। यह साल कोरोना काल का साल था, इसलिए वाहनों की बिक्री कुछ कम हुई। लेकिन इसके बाद 2022 में पहली बार आंकड़ा पांच लाख के पार गया और इस साल 501194 वाहन बिके। 2023 में यह रिकॉर्ड भी टूट गया और इस साल 564443 वाहन बिके। पहली बार बीते साल 2024 में करीब सात लाख वाहन बिके हैं। अब इस साल क्या होता है, यह साल के अंत में मालूम होगा।*

### त्योहारी सीजन अच्छा रहेगा

चार माह से कारोबार प्रभावित हो रहा है, लेकिन इसका कोई खास कारण नहीं दिख रहा है। संभावना है कि इस माह से त्योहारी सीजन प्रारंभ हो रहा है, तो त्योहारी सीजन में दीपावली तक अच्छा कारोबार होगा।

- **विवेक गर्ग**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

# खरोरा में 22 प्रस्तावों पर लगी मुहर, नगर के विकास का खाका तैयार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर पंचायत खरोरा का सामान्य सम्मेलन आज परिषद भवन में आयोजित हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अनिल सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । बैठक में उपाध्यक्ष सुमित सेन, सभी पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोमार प्रसाद साहू और इंजीनियर पोषण साहू की उपस्थिति रही।

बैठक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह, ह्यूमन फॉर ट्री योजना, डबरी तालाब को मछली पालन हेतु लीज, नगर में सब्जी मंडी स्थापना, स्क्रैप सामग्री विक्रय, बस स्टैंड जीर्णोद्धार एवं दुकान नीलामी, स्वालंबन योजना व पौनी पसारी योजना में आवंटन, पीपीपी मॉडल के तहत दुकान निर्माण, सीसी रोड निर्माण, नेताजी चौक सौंदर्यकरण, मुर्गा-मटन-मछली मार्केट व्यवस्था, फल दुकान प्रबंधन, एसएलआरएम सेंटर स्थानांतरण, अतिक्रमण, विविध पेंशन एवं परिवार सहायता योजनाएं, और हक अंतरण-नामांतरण जैसे 22 विषयों पर चर्चा हुई। इन प्रस्तावों पर पार्षदगण विस्तार से विचारकर निर्णय लिए जो नगर के विकास और सुविधा विस्तार में अहम भूमिका निभाएंगे ।

- परिषद की बैठक में सब्जी मंडी, बस स्टैंड जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण पर चर्चा

# भारतीय ज्ञान आधारित ग्लोबल करिकुलम बनाएगा सीबीएसई, विदेशी स्कूल भी ले सकेंगे मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड जल्द ही इंटरनेशनल बोर्ड के तौर पर स्थापित होगा। इसे लेकर सीबीएसई ने एक प्लान तैयार किया है, जिसके तहत सीबीएसई ग्लोबल करिकुलम तैयार करने जा रहा है। इस करिकुलम के निर्माण की तैयारियां सीबीएसई की तरफ से शुरू हो गई हैं। इस संबंध में प्रस्ताव 25 जून को हुई सीबीएसई गवर्निंग बॉडी की 141वीं बैठक में लाया गया था। गवर्निंग बॉडी ने प्रस्ताव को मंजूर कर फाइनेंस कमेटी के पास भेज दिया है। बैठक के मिनट्स के अनुसार ग्लोबल करिकुलम बनाने के लिए सीबीएसई भारतीय ज्ञान परंपरा पर फोकस करेगा।

ग्लोबल करिकुलम विकसित करने के पीछे सीबीएसई का उद्देश्य विश्व स्तर पर मौजूदा शैक्षणिक बोर्डों का विकल्प बनना है। इसके लिए सीबीएसई भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित अपने विशिष्ट अनुभव का इस्तेमाल करेगा। सीबीएसई ने कहा है कि अभी तक इंटरनेशनल स्कूल दूसरे शैक्षणिक बोर्डों से संबद्धता रखते हैं। ग्लोबल करिकुलम बनने से ऐसे स्कूलों के पास सीबीएसई के करिकुल को अपनाने का विकल्प होगा।




- गवर्निंग बॉडी की बैठक में रखा गया था प्रस्ताव, अब बनेगी पाठ्यक्रम के लिए कमेटी
- टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के लिए ढूंढी जाएगी एजेंसी

### 20 करोड़ होंगे खर्च

सीबीएसई की योजना ग्लोबल करिकुलम को विकसित करने और समय पर उसे लॉन्च करने की है। इसके लिए सीबीएसई 20 करोड़ रुपए खर्च करेगा। सीबीएसई की 141वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक के उपलब्ध मिनट्स के अनुसार ग्लोबल करिकुलम तैयार करने के लिए एक एजेंसी की तलाश की जानी है, जो टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के तौर पर काम करेगी। इस एजेंसी का काम ग्लोबल करिकुलम को तैयार करना और उसे लॉन्च करना होगा। इसके लिए अनुमानित बजट 20 करोड़ रुपए रखा गया है, जिसे मंजूरी के लिए फाइनेंस कमेटी के पास भेजा गया है।

### एनसीईआरटी के आधार पर होगा तैयार

ग्लोबल करिकुल देश के स्कूलों में लागू होगा या नहीं, इसे लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। एनसीईआरटी के आधार पर ही सीबीएसई ग्लोबल करिकुलम तैयार करेगा। इसलिए इसे देश के स्कूलों में भी लागू किया जा सकता है। कमेटी की रिपोर्ट आने और सिलेबस तैयार होने के बाद ही इस संदर्भ में अंतिम फैसला लिया जाएगा। अगले शैक्षणिक सत्र से इसे अंतिम रूप देने की कोशिशें की जा रही हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहले भी कई बदलाव किए जा चुके हैं। अब एक अन्य बदलाव इसे ग्लोबल स्वरूप देने किया जा रहा है।

# कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा बीजापुर से जुटी मितानिनें, मांगों को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के दूरस्थ बीहड़ अंचल से हजारों की संख्या में बस में सवार होकर कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले से मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लॉक को आर्डिनेटर रविवार रात नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पहुंचीं। डोम स्थल पर रात गुजारने के बाद सोमवार सुबह वे संभागस्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुईं। यह धरना देर शाम तक चलता रहा। लामबंद मितानिनों ने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इसके कारण सोमवार को तूता के धरनास्थल पर सुबह से लेकर देर शाम तक खासी रौनक देखने को मिली।

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर प्रदेशभर की 72 हजार मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर 7 अगस्त से तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने आंदोलन कर रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को बस्तर संभाग की मितानिन बड़ी संख्या में धरना स्थल पर मौजूद रहीं। उन्होंने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर संभाग स्तरीय प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में बस्तर संभाग के कांकेर, कोंडागांव, नारायपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले की मितानिन बड़ी संख्या में शामिल हुईं। संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर, प्रांतीय सचिव नंद किशोर वासनिक आंदोलनकारी साथियों की हौसला अफजाई करने धरना स्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने हरिभूमि को बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक मितानिनों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मंगलवार को सुकमा जिले की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलटर और ब्लाक कोआर्डिनेटर जिला स्तरीय प्रदर्शन का आगाज तूता धरना स्थल पर करेंगे।



- तूता धरनास्थल पर बस्तर संभाग की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलटर, ब्लॉक को–आर्डिनेटर का संभाग स्तरीय धरना

### तीन सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन

प्रदेश के स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ माने जाने वाली मितानिन 7 अगस्त से 11 अगस्त तक कामबंद कलमबंद हड़ताल कर 3 सूत्रीय मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने संभागवार धरना प्रदर्शन कर रही हैं। 12 अगस्त से इनका जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन शुरू हो जाएगा, जिसमें हर दिन प्रदेश के अलग-अलग जिलों से मितानिन नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर आंदोलन में शामिल होंगी। मितानिनों की प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविलयन, मानदेय क्षतिपूर्ति में 50 फीसदी की बढ़ोतरी और ठेका प्रथा बंद करने की मांग शामिल है।

**राज्य के बड़े बांधों में अब तक एक तिहाई जलभराव ही हो पाया**

# कैचमेंट एरिया से पानी की आवक हुई कम, पिछले दो सालों से कम भरे बांध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आषाढ़ और सावन का महीना गुजर गया, अब तक राज्य में 660 मिमी बारिश हुई है। आने वाले एक पखवाड़े तक मानसून के सक्रिय रहने के बाद छिटपुट बारिश के आसार प्रदेश में बनेंगे। ऐसे में राज्य के बड़े बांधों में अब तक एक तिहाई जलभराव ही हो पाया है, जो पिछले दो सालों से कम है। आने वाले दिनों में बड़े बांधों का जलस्तर कितना बढ़ेगा, यह मानसून पर निर्भर है। विशेषज्ञ बताते हैं कि औसत बारिश के बाद भी बांधों के कैचमेंट एरिया से पानी की आवक में कमी आने से बांधों के जलस्तर पर असर पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में 12 बड़े बांधों के अलावा 34 छोटे और मध्यम बांधों में जल भराव की स्थिति पिछले दो साल के मुकाबले कम है। वर्तमान में बांधों में 73.78 प्रतिशत जल भराव है। बांधों में इसी तारीख में वर्ष 2023 में 79 और 2024 में 77 प्रतिशत लज भराव की स्थिति थी। मिनी माता बांगों बांध में अभी 80 प्रतिशत जलस्तर है, जो 2024 में 82 प्रतिशत था। वहीं गंगरेल बांध की स्थिति देखें तो पता चलता है कि अभी 77 प्रतिशत जल भराव के मुकाबले पिछले साल 78 और 2023 में 91 प्रतिशत पानी था।

### अभी से होने लगी पानी की मांग

धान के फसल की बोआई पूरी होने के साथ ही अब धान की बियासी के लिए पानी की मांग होने लगी है। खेतों में कम पानी होने की बजह से किसानों को फसल बचाने की चिंता होने लगी है। अब गंगरेल से पानी छोड़ने की मांग उठने लगी है। आने वाले एक-दो दिनों में बारिशनहीं हुई तो खेत सूखने पर धान के फसल पर असर पड़ने की संभावना है।



### बलरामपुर में सर्वाधिक बेमेतरा में कम बारिश

छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 660 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1106 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 334 मिमी वर्षा हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर में 596 मिमी, बलौदाबाजार में 557 मिमी, गरियाबंद में 543 मिमी, महासमुंद में 547 मिमी और धमतरी में 522 मिमी औसत वर्षा हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 499 मिमी, सूरजपुर में 829 मिमी, जशपुर में 754 मिमी, कोरिया में 781 मिमी और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 725 मिमी औसत वर्षा हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 781 मिमी, कोंडागांव में 511 मिमी, नारायणपुर में 706 मिमी, बीजापुर में 819 मिमी, सुकमा में 527 मिमी, कांकेर में 665 मिमी, दंतेवाड़ा में 708 मिमी और औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने आईटीबीपी जवानों पुलिस और जनप्रतिनिधियों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारीज खरोरा केंद्र में एक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों को राखी बांधकर रक्षा, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया।

समारोह के तहत आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) मांठ खरोरा के डिप्टी कमांडेंट ज्ञानचंद सहित वहां तैनात सभी जवानों को राखी बांधी गई। इसके साथ ही, खरोरा के थाना प्रभारी, पुलिस कर्मियों, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, वरिष्ठ नेता वेदराम मनहरे और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल सोनी सहित अन्य पार्षदों को भी राखी बांधी गई।



**डॉक्टरों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी बांधी राखी:** ब्रह्माकुमारी बहनों ने चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत डॉ. महेंद्र देवांगन, डॉ. नीरज चौहान, और डॉ. विनायक ठाकुर सहित अनेक चिकित्सकों को भी राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

इसी कड़ी में, शासकीय महाविद्यालय खरोरा में दीक्षारंभ संस्कार कार्यक्रम के दौरान संस्था की मुख्य प्रशासिका बीके उमा दीदी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### ड्रायविंग लायसेंस बनाने शिविर 18 को

**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर परिवहन सुविधा के माध्यम से शासकीय दाउ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार में लर्निंग लायसेंस बनाने 18 अगस्त 2025 क्रो शिविर लगायी जायेगी। शिविर में परिवहन सुविधा केन्द्र सीजी आंनलाईन सेंटर बलौदाबाजार, अनाया परिवहन सुविधा केन्द्र बलौदाबाजार एवं विशालाक्षी परिवहन सुविधा केन्द्र बलौदाबाजार के द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस हेतु आवेदन लिए जाएंगे।

### विश्व हाथी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बलौदाबाजार** । वनमंडल अधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में विश्व हाथी दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र कोठारी अंतर्गत शासकीय स्कूल तालदादर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, स्थानीय ग्रामीण एवं हाथी मित्र दल के सदस्य शामिल हुए। वन विभाग द्वारा प्रतिभागियों को हाथियों के संरक्षण, व्यवहार, उनके आवागमन के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा मानव-हाथी संघर्ष से बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर हाथी संरक्षण एवं सह-अस्तित्व के महत्व पर भी चर्चा कर स्थानीय समुदाय में जागरूकता और सहयोग की भावना हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कोठारी परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहू, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल वर्मा, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल दीक्षा पाण्डेय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी आमगांव राहुल उपाध्याय तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 को

**बलौदाबाजार** । प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ पं.चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल खेल मैदान से सुबह 7 बजे प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से यातायात कार्यालय के बगल रोड होकर बस स्टैण्ड, गार्डन चौक, तहसील कार्यालय रोड से पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान में सम्पन्न होग़ा। दौड़ में जिला मुख्यालय के स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नारिक, आम जनता एवं अधिकारी कर्मचारी 14 अगस्त को सुबह 7 बजे निर्धारित स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में भाग ले सकते है।

### सरखोर में हुआ छात्र संघ का गठन



**लवन** । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरखोर में सत्र 2025-26 के लिए छात्र संघ का गठन किया गया है ।कक्षा 9वी से 12वीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं ने प्रत्यक्ष निर्वाचन के द्वारा शाला नायक एवं उप शाला नायक का चयन किया ।अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में सचिव तन्मय कुर्रे, विभिन्न प्रभारी के रूप में अनुशासन- जितेंद्र साहू, क्रीड़ा - सचिन पटेल, साँस्कृतिक-भगवती कुर्रे, पुस्तकालय-भारती लसेल, स्काउट-खिलेश पैकरा, गाईड-नीलम नारंगे, इको क्लब- उमा कैवत्ये, रेडक्रास-काजल केवंट, विज्ञान-अंकिता जांगड़े, भूगोल-रानियाँ साहू, स्वच्छता- रागिनी जांगड़े शामिल है । छात्र संघ गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा विद्यालय को विकास के पथ पर अग्रसर करना है ।

### ट्रैक्टर और बाइक में हुई भीषण टक्कर में एक की मौत एक घायल

**महासमुंद**। सांकरा के पास मंगलवार को ट्रैक्टर और बाइक में हुई भीषण टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो जाने का मामला सामने आया है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान परसराम साहू (शिक्षक) के रूप में हुई है, जो कछारडीह (झलप) निवासी थे और वर्तमान में रवान स्कूल, बलौदाबाजार में पदस्थ थे।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में अल्ट्राटेक की पहल पर 15 ग्राम संगठनों को मिला सहयोग

## रावन सीएसआर के अंतर्गत वितरित की गई सामग्री, आजीविका संवर्धन का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट, रावन ने महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी के सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) कार्यक्रम के तहत कार्यक्षेत्र के 15 गांवों में संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों के 15 ग्राम संगठनों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। यह पहल संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार और मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में की गई।

कार्यक्रम के दौरान, समूह के नेतृत्वकर्ताओं को उनके कार्यों को सुचारु और व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए अलमारी, बैठने के लिए मैट, फुट मैट और डस्टबिन प्रदान किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इन महिला समूहों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक सशक्त बनाना है।

**संगठनात्मक प्रबंधन पर जानकारी:** सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव और अधिकारियों ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय ने महिला समूहों को संगठनात्मक प्रबंधन और दी गई सामग्री के सही उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर टीम के सदस्यों सुरेन्द्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा, टोपेष्वर दास और सुनिता निषाद की भी अहम भागीदारी रही।



### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में एडमिन प्रमुख संजीव मिश्रा के साथ-साथ ग्राम पंचायत रावन के सरपंच अमर सिंह नेताम, रवेली की सरपंच सरोज साहू, चुचरुंगपुर की सरपंच कुमोदिनी वर्मा और तिल्दाबांधा सरपंच प्रतिनिधि अनिल यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राम संगठनों के 86 पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

# महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई कर भाजपा ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गई, जिसके साथ ही स्वच्छता और राष्ट्रवाद का संदेश दिया गया। इस पहल में 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को भी गति दी गई।

इस अभियान के अंतर्गत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अंबेडकर चौक, नेहरू जी, गांधी चौक, डॉ. खूबचंद बघेल, भारत माता, अमर शहीद वीर नारायण सिंह और स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं के स्थलों की सफाई की गई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, और पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल सहित अन्य नेताओं ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न वार्डों में घूम-घूमकर नागरिकों से अपने घरों और व्यावसायिक परिसरों पर तिरंगा फहराने की अपील भी की।

इस विशेष अभियान में नपा अध्यक्ष अशोक जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, नपा उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले सहित टेसूलाल धुरंधर, खोडस राम कश्यप, नीलम सोनी, नरेश केसरवानी, सुनीता वर्मा, रवि वर्मा और बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।





### भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**पलारी** । भारतीय जनता पार्टी मंडल संडी के अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा मंडल के गावों में मोटर सायकल रैली निकाल कर भ्रमण किया गया । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी 12 अगस्त से 15 अगस्त तक मोर तिरंगा मोर अभिमान हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा फहराएंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष तेजराम राम वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष धनेश्वरी साहू, महामंत्री डागेशवर पप्पू वर्मा, महामंत्री भीष्मदेव सोनवानी, मंडल उपाध्यक्ष डागेशवर वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष पुनीत वर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष परमेश्वरी वर्मा, सह कोषाध्यक्ष यशवंत तिवारी, मंत्री रामेश्वर धीवर, जेष्ट श्रेष्ठ कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।



### वटगन में तिरंगा रैली का आयोजन

**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा हर -घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में पंचायत एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।। हर- घर तिरंगा अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद सभापति बाबुलाल बंजारे, जयंती साहू, हाई स्कूल के प्राचार्य, समन्वयक कौशल्या सोनवानी, नम्रता साहू, विकासखण्ड समन्वयक रजनीकांत बंजारे, सचिव तेजराम सहित पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु, जीवन में धर्म की सार्थकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा



- तिल्दा-नेवरा के तुलसी ग्राम में कथा का शुभारंभ
- पंडित उपेंद्र शर्मा ने बताया धर्म का महत्व

खरोरा। तिल्दा-नेवरा के तुलसी ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हो गया है। भादो मास के इस पावन अवसर पर अंचल के दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे हैं। कथा का वाचन खुड़मुड़ी वाले पंडित उपेंद्र शर्मा कर रहे हैं, जिनके साथ पंडित उत्कर्ष सहयोग में हैं।

यह माह भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का है, और ऐसी मान्यता है कि इस पवित्र समय में जो भी श्रद्धालु भागवत कथा का श्रवण करते हैं, वे अति भाग्यशाली होते हैं। कथा मंडप को वाटरप्रूफ त्रिपाल से बनाया गया है, ताकि बारिश के मौसम में भी भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**17 अगस्त तक चलेगी कथा, स्वर्गीय गोलू वर्मा की सद्गति के लिए आयोजन:** यह भागवत कथा 17 अगस्त तक ग्राम तुलसी के बाजार चौक में चलेगी। कथा का आयोजन देवहूति वर्मा द्वारा स्वर्गीय चंद्रशेखर 'गोलू' वर्मा के वार्षिक श्राद्ध में उनकी सद्गति की कामना से किया गया है। मुख्य यजमान के रूप में अश्वनी वर्मा अपनी धर्मपत्नी यशोदा वर्मा के साथ बैठे हैं। कथा के आयोजन में अंजू वर्मा और संध्या वर्मा मुख्य भूमिका निभा रही हैं, और पूरे ग्रामीण जनता का सहयोग मिल रहा है।

### बिना धर्म के मनुष्य का जीवन पशुओं के समान

पंडित उपेंद्र शर्मा ने कथा के पहले दिन राजा सत्यव्रत की कथा सुनाते हुए कहा कि यदि जीवन में पर्याप्त धन हो, लेकिन धर्म न हो, तो वह जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि राजा सत्यव्रत के धर्मशील होने के कारण ही लक्ष्मी उनके घर का त्याग नहीं करती थीं। पंडित शर्मा ने जोर देकर कहा कि धरती पर जन्म लेने वाले हर व्यक्ति को धर्म का पालन करते हुए जीवन जीना चाहिए, क्योंकि बिना धर्म के मनुष्य का जीवन पशुओं के समान माना जाता है। उन्होंने बताया कि धर्म ही मनुष्य की गरिमा और सम्मान को बढ़ाता है, जीवन में संयम और नियम सिखाता है, और संस्कारवान बनाता है। इसलिए सभी को भागवत कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य सीखना चाहिए।

# गर्भवती महिला की मौत विधायक ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

इलाज के अभाव में एक गर्भवती महिला की दुखद मौत के मामले में विधायक संदीप साहू ने कलेक्टर को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले के अनुसार, लवन निवासी संतोषी साहू (पति- अनुपमेश साहू) को डिलीवरी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन लाया गया था। वहां से उन्हें उचित इलाज दिए बिना ही जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। परिजन घंटों तक जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों का इंतजार करते रहे, लेकिन जब कोई डॉक्टर नहीं मिला, तो वे महिला को चंदा देवी हॉस्पिटल ले गए। चंदा देवी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर बताते हुए उसे तुरंत रायपुर ले जाने की सलाह दी। जब परिजन महिला को रायपुर ले जा रहे थे, तो रास्ते में उन्होंने पलारी स्वास्थ्य केंद्र में पुनः जांच करवाई।



### अचानक मौत गंभीर सवाल खड़ा करती है

विधायक साहू ने अपने पत्र में कहा कि मृतिका की गर्भावस्था के दौरान की गई सभी जांचें सामान्य थीं। ऐसे में अचानक हुई मौत कई गंभीर सवाल खड़े करती है, जिसकी जांच आवश्यक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जिले के स्वास्थ्य केंद्रों से मरीजों को बिना उचित इलाज के रेफर करने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि वे इस मामले की वरिष्ठ अधिकारियों से जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मिनी माता को सर्व समाज ने किया याद, अगम धाम खंडूवा में जलाए 1000 दीप

**सिमगा** । छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद और समाजसेविका मिनी माता को उनकी पुण्यतिथि पर सर्व समाज ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सिमगा के समीपस्थ अगम धाम खंडूवा में उनकी समाधि पर समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों ने भी दीप जलाकर उनके किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर लोगों ने मिनी माता के विचारों और सामाजिक कार्यों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने अपने सांसद कार्यकाल के दौरान हमेशा सभी समाज को साथ लेकर काम किया। उन्होंने सदैव मानव हित और समाज हित को प्राथमिकता दी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मिनी माता, जो पांच बार कांग्रेस की सांसद रहीं, उनकी पुण्यतिथि पर उनकी समाधि स्थल पर किसी भी बड़े नेता का न पहुंचना चर्चा का विषय रहा। भाटापारा विधानसभा को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, फिर भी नेताओं की गैर-मौजूदगी ने कई सवाल खड़े किए।



### 1000 दीये जलाकर दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम का आयोजन रवींद्र भारती और उनकी टीम ने किया। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक साहू ने मिनी माता को याद करते हुए उनकी समाधि पर 1000 दीये प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिमगा के जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, जनपद सदस्य जितेंद्र बंजारे और सुरेश साहू, सरपंच लोमन घृतलहरे, रामचुरावन साहू के साथ-साथ भीम आर्मी और सतनाम युवा संगठन के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जूडो चैम्पियनशिप में आधारशिला का दबदबा, 2 गोल्ड समेत 7 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

भाटापारा स्थित आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राजनांदगांव में आयोजित सीबीएसई फॉर ईस्ट ज़ोन जूडो चैम्पियनशिप 2025 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दमदार प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं भार वर्गों (यू-11/14/17/19) में बेहतरीन खेल कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए कुल 7 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए स्कूल में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता में सक्षम साहू (-40 किग्रा) और झरना साहू (-40 किग्रा) ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, पुष्कर वर्मा (-35 किग्रा), डॉली साहू (-40 किग्रा), और चित्रांशी साहू (-25 किग्रा) ने रजत पदक पर कब्जा किया। नितेश साहू (-30 किग्रा) और भवेश बघमार (-55 किग्रा) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीते।



### कोच और छात्रों की कड़ी मेहनत का नतीजा

इस उत्कृष्ट उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और उनके पीटीआई यशवंत धुव के उत्कृष्ट मार्गदर्शन को जाता है। उनकी देखरेख में ही छात्रों ने जूडो की बारीकियां सीखीं और इस स्तर तक पहुंचने में सफल रहे। यह जीत न केवल उनकी प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि उनके समर्पण और अनुशासन का भी प्रमाण है।

### विद्यालय प्रबंधन ने दी बधाई

विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकों और समस्त विद्यार्थियों ने सभी पदक विजेताओं को उनकी कड़ी मेहनत और लगन के लिए हार्दिक बधाई दी है। इस उपलब्धि को विद्यालय के गौरव में एक नई वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है। यह प्रदर्शन भविष्य में अन्य खिलाड़ियों को भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा।

## 43 साल से जारी संघर्ष: 'जिला बनाओ'

# भाटापारा को जिला बनवाने का पुरजोर प्रयास, उम्र 70, पर हौसला युवाओं का

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग को लेकर पिछले 43 वर्षों से एक संघर्ष की अलख जगाई जा रही है, जिसके नायक हैं 70 वर्षीय श्याम सुंदर अवस्थी। आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर होने के बावजूद, अवस्थी जी रोजाना सुबह अपनी पुरानी साइकिल और एक छोटे से लाउडस्पीकर के साथ भाटापारा की गलियों में निकल पड़ते हैं। उनके कानों में /"भाटापारा को जिला बनाओ/" की गूंज तब तक सुनाई पड़ती है, जब तक कि लोग अपनी खाट से उठ भी नहीं जाते। उनके मन में अटूट विश्वास है कि एक दिन उनकी मेहनत रंग लाएगी और भाटापारा को जिले का दर्जा जरूर मिलेगा।



श्याम सुंदर अवस्थी का जोश उम्र के इस पड़ाव पर भी कम नहीं हुआ है। उनके संघर्ष के 43 साल बाद भी भाटापारा जिला नहीं बन सका है, यह पीड़ा उनके मन में आज भी जिंदा है। उन्होंने अपनी चिंता छोड़कर केवल भाटापारा के जिला निर्माण की आवाज को बुलंद रखा है।

### जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप

भाटापारा जिला निर्माण संघर्ष समिति ने इस मांग को पूरा कराने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया है, लेकिन जनप्रतिनिधियों पर आरोप है कि उनके कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जिले के नाम पर भाटापारा को केवल कोरा आश्वासन ही मिला है। जनता को उम्मीद है कि श्याम सुंदर अवस्थी जैसे सरफिरों की मेहनत एक दिन जरूर रंग लाएगी, और भाटापारा स्वतंत्र जिला बनकर रहेगा।

### 15 अगस्त की घोषणाओं का इंतजार

यहां की आम जनता को 15 अगस्त को होने वाली घोषणाओं का बेसब्री से इंतजार है। जनता की अपेक्षाएं बढ़ गई हैं, क्योंकि भाजपा की सरकार बनने पर भाटापारा को स्वतंत्र जिले का दर्जा देने का वादा किया गया था। सरकार बने लगभग पौने दो साल हो गए हैं, ऐसे में जनता सवाल उठा रही है कि उन्हें उनके अधिकार से वंचित रखना कहां तक उचित है?

## पेज 11 के शेष

### पेट्रोल पंप सुपरवाइजर ...

मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों और बेल्ट से मारपीट की। मारपीट के कारण विनोद के दोनों हाथों, पीठ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। इस घटना के बाद प्रार्थी ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 756/2025 के तहत मामला पंजीबद्ध किया।

**पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई:** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले में शामिल तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने विनोद दुबे के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कृष्णा वर्मा उर्फ राजा वर्मा (43), आशीष बघेल (43) और भीम साहू (26) के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों को आज, 12.08.2025 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### सार्वजनिक स्थान पर ...

बैठकर गांजा पी रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी खरोरा के निर्देशन में एक टीम गठित की गई।

**आरोपी पर हुई कानूनी कार्रवाई:** बरामद गांजे के संबंध में आरोपी साधूराम कोई लिखित अनुमति पत्र या वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इसके बाद पुलिस ने सभी सामान जब्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 27 नारकोटिक्स एक्ट का अपराध घटित होना पाए जाने पर उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को देने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम साधूराम पिता स्व. झालाराम घृतलहरे, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम भैंसा, थाना खरोरा, जिला रायपुर है।

### बुजुर्ग की हत्या...

जानकारी होने जैसे सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का स्वभाव सरल था और उनकी किसी से दुश्मनी नहीं थी।

**गांव में दहशत:** घटना के बाद पूरे ग्राम अमेरा में डर और सन्नाटा है। डीएसपी निधि नाग ने बताया कि फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम के बाद मौत का सही कारण व समय स्पष्ट होगा। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है।

# प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

अंचल में प्रथम पूज्य और विघ्न विनायक भगवान गणेश के आगमन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी यानी 27 अगस्त से शुरू होने वाले 10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए मूर्तिकार दिन-रात प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। हालांकि, इस बार गणेश भक्तों को मूर्तियां खरीदने के लिए पिछले साल की तुलना में अधिक जेब ढीली करनी पड़ सकती है। रंग-रोगन और साज-सज्जा के सामानों में हुई भारी बढ़ोतरी के कारण मूर्तियों की कीमतों में भी इजाफा हुआ है।

■ रंग-रोगन और साज-सज्जा के सामान हुए महंगे

अंचल के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार परमेश्वर डहरिया ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी वे लवन नगर में किराये की जगह लेकर दूर-दराज से मिट्टी लाकर गणेश प्रतिमाओं को आकार दे रहे हैं। अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए वे पूरी लगन से इस कला को जीवंत रखते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार कुछ बड़े, कुछ मध्यम और कुछ सांचे से छोटे-छोटे बाल गणेश की प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। अब प्रतिमाओं को रंग-रोगन देने का काम शुरू हो गया है। कुछ मूर्तियों की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है।

## महंगाई की मार से मूर्तिकार परेशान

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

गणेश उत्सव के दौरान अंचल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी विशेष आयोजन होता है। 10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में पूजा-अर्चना के साथ-साथ भजन-कीर्तन, रामायण पाठ, डीजे साउंड और डांस का भी आयोजन किया जाता है। स्थानीय समितियों द्वारा इन कार्यक्रमों की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं, जिससे उत्सव का माहौल और भी भक्तिमय और उल्लासमय हो जाता है।

### मूर्तिकारों की मजबूरी: बढ़ी लागत, कम मुनाफा

मूर्तिकार परमेश्वर डहरिया ने बताया कि अब हर बड़े गांव में बहुत से मूर्तिकार गणेश प्रतिमाएं बना रहे हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। पहले की अपेक्षा उन्हें कम मुनाफे में संतोष करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गणेशोत्सव के अलावा, वे अन्य त्योहारों के लिए भी मूर्तियां बनाते हैं, जिससे उनके परिवार का पालन-पोषण होता है। महंगाई की मार और बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा के चलते मूर्तिकारों के लिए अपनी कला को जारी रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 अगस्त 2025 SHOW TIME
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय - 12,3,6,9 PM
अंदाज - 2
शो समय - 12 PM,6 PM
उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल मर्डर
शो समय - 3 PM
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 9 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### तिरंगा रैली व स्वच्छता अभियान का आयोजन



**खरोरा।** ग्राम पंचायत कनकी में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में महिला समूह की सदस्याएं, सरपंच, पंचायत सचिव, पंचगण, शिक्षक, स्कूल के बच्चे तथा ग्रामीण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली के बाद प्राथमिक शाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सभी ने मिलकर परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया और स्वच्छ व सुंदर गांव बनाने का संकल्प लिया।

### स्वच्छता के लिए पलारी नपं सम्मानित



**पलारी।** इंडोर स्टेडियम बहतराई बिलासपुर में आयोजित स्वच्छता संगम 2025 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर संभाग में नगर पंचायत पलारी को स्वच्छता सर्वेक्षण में 1 स्टार रैटिंग ओडीएफ में प्लस प्लस मिलने पर नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सीएमओ मनोज बंजारा, उप अभियंता दिव्या साहू, सभापति लेखु वर्मा, पीआईयू अमित बंछोर, सफाई दरोगा महेंद्र वर्मा स्वच्छता दीदियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### देवपुर में कबड्डी स्पर्धा 15 को

**पुरी।** स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जय अम्बे कबड्डी दल द्वारा देवपुर में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 15 अगस्त शुक्रवार को किया गया है।

## एग्री स्टेक में छूटे किसानों का शीघ्र कराएं पंजीयन: कलेक्टर

# लापरवाही पर दो एसएडीओ और चार आरएईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान एग्री स्टेक में किसानों की पंजीयन की समीक्षा करते हुए ऑनलाइन जुड़े हुए वरिष्ठ क़ृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण क़ृषि विस्तार अधिकारियों क़ो छूटे हुए किसानो का एग्री स्टेक में पंजीयन शीघ्र कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही पंजीयन में लापरवाही बरतने पर 2 एसएडीओ और 4 आरएईओ क़ो नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि ऐसे छूटे हुए किसान जिनका नियमानुसार एग्री स्टेक में पंजीयन सम्भव है उनका पंजीयन अगले एक सप्ताह में पूर्ण कराएं। पंजीयन के लिए आरएईओ स्वयं किसानों क़ो साथ लेकर जरुरी दस्तावेजों के साथ सहकारी समिति जाएं और किसानों का पंजीयन कराएं। उन्होंने कहा कि किसानों क़ो बताएं कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए इस बार किसानो का एग्री स्टेक में पंजीयन जरुरी कर दिया है। बिना पंजीयन के किसान समिति में धान नहीं बेच पाएंगे। इसके साथ ही पंजीयन की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की भी जानकारी दें। उन्होने फार्मर पंजीयन हेतु सत्यापन की कार्यवाही में कोई विलम्ब न करने तथा लंबित सत्यापन क़ो शीघ्र पूरा करने के निर्देश तहसीलदारों क़ो दिये।बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने की डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा

कलेक्टर ने तहसीलवार सर्वेयर का चयन एवं प्रशिक्षण की जानकारी ली तथा प्रशिक्षण के लिए शेष तहसीलों क़ो प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान, रजत जयंती महोत्सव की तैयारी की भी समीक्षा की और शासन के निर्देशानुसार सभी गतिविधियों का आयोजन समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही एक से पांच वर्ष तक लंबित राजस्व प्रकरणों के निरकारण, लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शिकायत शाखा से सम्बधित लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिये।

## स्कूली बच्चों को मिले टाई और बेल्ट, खुशी से खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया एवं शासकीय प्राथमिक शाला छड़िया में आज एक विशेष और यादगार अवसर पर ग्राम पंचायत छड़िया की सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को टाई और बेल्ट वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था।

■ छड़िया में सरपंच की अनूठी पहल से अनुशासन व एकरूपता की भावना को बढ़ावा

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने सरपंच महोदया के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से न केवल विद्यार्थियों में अनुशासन और एकरूपता की भावना को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि विद्यालय की पहचान भी सुदृढ़ होगी। इस मौके पर शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्ना डे और भारती तांती ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं, उप सरपंच मीना वर्मा तथा पंचगण की सहभागिता ने इस आयोजन को और भी प्रेरणादायी बना दिया। ग्राम पंचायत और विद्यालय परिवार के संयुक्त प्रयास से संपन्न यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल उत्साह जनक रहा, बल्कि उनके मन में शिक्षा के प्रति और अधिक लगन और गर्व की भावना भी जगाने वाला साबित हुआ।

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा, कहा सौर ऊर्जा सब्सिडी है नया जुमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना बंद कर सौर ऊर्जा सब्सिडी से मुफ्त बिजली देने के दावे को जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने नया जुमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि जहां बिजली बिल हाफ योजना का लाभ सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मिल रहा था, वहीं अब तक केवल 4,326 परिवारों को ही सौर ऊर्जा सब्सिडी मिली है।



■ बिजली बिल हाफ योजना बंद करने को बताया जनविरोधी

हितेन्द्र ठाकुर ने सरकार के आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सौर ऊर्जा सब्सिडी के तहत वर्ष 2025-26 में 60,000 और 2026-27 में 70,000 घरों में संयंत्र लगाने का लक्ष्य है, यानी दो साल में कुल 1.30 लाख घरों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 80 लाख परिवार हैं, इस रफ्तार से सभी को लाभ देने में 125 साल लगेंगे, वह भी तब जब घरों की संख्या स्थिर रहे।

**लागत और सब्सिडी के दावे अव्यवहारिक:** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के लागत और सब्सिडी के दावे भी अव्यवहारिक हैं। उन्होंने बताया कि 1 किलोवाट का सोलर पैनल लगाने में करीब 70,000 की लागत आती है। केंद्र और राज्य की कुडी 45,000 है, यानी 25,000 हितग्राही को खुद खर्च करने होंगे। इसी तरह, 5 किलोवाट लोड क्षमता के सोलर पैनल के लिए 3.50 लाख की लागत में से 2.42 लाख की व्यवस्था हितग्राही को करनी होगी। इस पर बैंक से लोन लेने पर किस्तें वर्तमान बिजली बिल से लगभग दोगुनी होंगी।

### जनता पर अत्याचार कर रही सरकार

हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि 100 यूनिट से अधिक की खपत पर बिजली बिल हाफ योजना खत्म करना सरकार का जनविरोधी निर्णय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक आधी छूट देकर महंगाई से राहत दी थी, जबकि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद चार बार बिजली के दाम बढ़ाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी विभागों की लापरवाही और बिजली चोरी रोकने में नाकाम सरकार अब आम जनता को इसकी सजा दे रही है।

# विदेशी कंपनियों के बहिष्कार के लिए जन जागरण सभा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

अमेरिका द्वारा भारत पर अत्यधिक टैरिफ लगाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के प्रयास के विरोध में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के समर्थन में जनजागरण सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह सभा आज बुधवार को शाम 4 से 5 बजे तक गार्डन चौक, अटल परिसर, बलौदाबाजार में होगी।


आयोजकों के अनुसार, भारत अमेरिका, तुर्की और चीन को आर्थिक मोर्चे पर करारा जवाब देने के लिए स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, विदेशी कंपनियों के बहिष्कार और आत्मनिर्भरता को अपनाना ही सबसे सशक्त उपाय है। इस अभियान में समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। सभा में समाज के प्रमुख जन, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, व्यापारी वर्ग, कपड़ा व्यापारी, किराना व्यापारी, किसान, छात्र संगठन, भारत माता सेवा ट्रस्ट, संघ परिवार, स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान के कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।




### प्रधानमंत्री के आह्वान को समर्थन

आयोजकों ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री ने भी सार्वजनिक मंच से स्वदेशी उत्पादों की खरीद-बिक्री को राष्ट्र सेवा का माध्यम बताते हुए देशवासियों से इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया है। स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान और स्वदेशी जागरण मंच, जिला बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ ने जिले के सभी नागरिकों से इस सभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वदेशी, स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने की अपील की है।

## नवपदस्थ छात्रसंघ पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण के साथ हुआ पौधारोपण



**बगबुड़ा।** मंगलवार को शास. उच्च माध्यमिक विद्यालय कोहरौद में सर्वप्रथम माँ ज्ञानदानी सरस्वती की पूजा अर्चना कर कक्षा नवमी के बालिकाओं को निशुल्क सरस्वती सायकल वितरण किया एवं नवपदस्थ छात्रसंघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण करवाया गया तथा सवतंत्रता दिवस मानाने एवं तिरंगा झंडा फहराने के संदर्भ में शिक्षक के द्वारा शाला विकास समिति के समक्ष बात रखा गया, तक पश्चात वृक्षारोपण किया गया जिसमे कई प्रजाति की वृक्ष जैसे अशोक, गुलमोहर, शीशम, कटहल, आम, जाम,चार, आंवला, लगाया गया। जिसमे, शाला विकास समिति अध्यक्ष गंगा प्रसाद पटेल, पन्नालाल रजक, मनोज मारकंडे, नेतराम सेन एवं,पंचायत गण सरपंच दुकालहा राम ध्रुव, के साथ ही सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# करही में विश्व आदिवासी दिवस की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम करही में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आदिवासी सेवक विकास संघ एवं आदिवासी सेना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। गोंडवाना भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि सभापति ईशान वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा, "यह दिन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर है। यह हमारी एकता और पहचान का प्रतीक है।"

■ गोंडवाना भवन में सांस्कृतिक उत्सव



कार्यक्रम में जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा, अध्यक्ष टाप लाल ध्रुव, कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम मरकाम सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गोंडवाना लोकनृत्य और गीत ने सभी का मन मोह लिया। पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, इसके पश्चात पारंपरिक झांकियों, नृत्य और वाद्य यंत्रों की ध्वनि से गांव का वातावरण जीवंत हो उठा। मंच संचालन सरजु ध्रुव ने किया। गांववासियों के उत्साह और सहभागिता ने इस आयोजन को करही गांव के इतिहास में एक यादगार दिन बना दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# नशा मुक्त भारत अभियान से युवाओं को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 'नशा मुक्त भारत अभियान' ने देशभर में एक राष्ट्रीय पहचान बनाई है। इसी क्रम में, हिरमी शाखा द्वारा 'मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान' के तहत आज ज्ञानोदय माध्यमिक विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और उन्हें नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई गई।

■ ब्रह्माकुमारीज़ संगठन द्वारा हिरमी के ज्ञानोदय माध्यमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम में हिरमी शाखा की प्रभारी ब्रह्माकुमारी नमीता बहन ने कहा कि नशा व्यक्तित्व निर्माण में बाधक है और यह व्यक्ति को आर्थिक, शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर बनाता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज 15 से 25 वर्ष की आयु के ज्यादातर युवा नशे के आदी हो रहे हैं, जिससे उनकी युवावस्था की शक्तियां कमजोर हो रही हैं। उन्होंने माता-पिता से अपने बच्चों पर अधिक ध्यान देने की अपील की।




### राजयोग से मिलेगी नशे से मुक्ति

ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने विद्यार्थियों को मेडिटेशन (राजयोग) करवाया। उन्होंने बताया कि राजयोग एक ऐसी पद्धति है, जिससे हम अपने मन को शांत और आनंदमय बनाकर बीड़ी, सिगरेट, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की लत से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह पद्धति न केवल मानसिक शांति प्रदान करती है, बल्कि जीवन को सकारात्मकता की ओर भी ले जाती है।

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर व्दारा.
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
माता वैष्णव देवी यात्रा
माँ वैष्णो देवी, शिव पोड़ी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, बाघा बार्डर, मथुरा, वृन्दावन, बांकेबिहारी लाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, प्रेम मंदिर, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर, आगरा ताज महल
यात्रा दिनांक
11 सितंबर 2025
05 नवंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)